माज और संत के बीच लोक कल्याण हेतु सेतु बननेवाला महापुण्य का भागी होता है।


संत श्री आसारामजी आश्रम द्वारा प्रकाशित

लोक कल्याण सेतु

मासिक समाचार पत्र

रवरी से १५ मार्च २००४ वर्ष : ७ अंक : ८० पृष्ठ : २० मूल्य : रु. ३

सामान्य मनुष्य पर कभी काम,
कभी क्रोध तो कभी लोभ का रंग
चढ़ता है। रूप, रस, गंध आदि के छींटे
जीव का सत्यानाश कर देते हैं।
मात्र सद्गुरु ही उस पर एक ऐसा रंग
चढ़ाने में समर्थ हैं जिस पर
ये संसारी रंग न चढ़ सकें।



होलिकोत्सव विशेषांक

लोक कल्याण सेतु

वर्ष : ७ अंक : ८०

१६ फरवरी २००४ मूल्य : रु. ३/-

सदस्यता शुल्क : भारत में

(१) पंचवार्षिक : १०० रु. (२) आजीवन : ३०० रु.

विदेशों में : (१) पंचवार्षिक : **US $ 50** (२) आजीवन : **US $ 125**

कार्यालय **'लोक कल्याण सेतु'**

अखिल भारतीय श्री योग वेदान्त सेवा समिति, संत श्री आसारामजी आश्रम, संत श्री आसारामजी बापू आश्रम मार्ग, अमदावाद-३८०००५.

फोन : (०७९) २७५०५०१०-११.

e-mail : ashramindia@ashram.org

web-site : www.ashram.org

Subject to Ahmedabad Jurisdiction

'लोक कल्याण सेतु' के सदस्यों से निवेदन है कि कार्यालय के साथ पत्र-व्यवहार करते समय अपना रसीद क्रं. और सदस्यता क्रं. अवश्य लिखें।

होली की सावधानियाँ

प्राचीन काल में पलाश के फूलों से तैयार सात्त्विक रंग अथवा गुलाल, कुमकुम, हल्दी से होली खेली जाती थी। लेकिन आज के परिवर्तन-प्रधान युग में अनेक प्रकार के रासायनिक तत्त्वों से बने पक्के रंगों का तथा कई स्थानों पर तो वार्निश, ऑईल पेंट व चमकीले पेंट्स का भी होली खेलने में उपयोग किया जाता है।

होली खेलते समय निम्नलिखित सावधानियाँ बरतने से आप हानिकारक रसायनयुक्त रंगों के दुष्प्रभाव से बच सकते हैं : ☞ सावधानी रखिये कि कहीं होली का रंग आँख या मुँह में न चला जाय अन्यथा आँखों की ज्योति अथवा फेफड़ों व आँतों में हानि पहुँचा सकता है। अतः जब कोई रंग लगाये तब मुँह व आँखें बंद रखिये।

☞ होली खेलने से पहले ही अपने शरीर पर नारियल, सरसों अथवा खाद्य तेल की अच्छी तरह से मालिश कर लीजिये ताकि त्वचा पर पक्के रंगों का प्रभाव न पड़े और साबुन लगानेमात्र से ही वे रंग निकल जायें। अपने बालों में भी तेल की अच्छी तरह से मालिश कर लीजिये ताकि रासायनिक रंगों का सिर पर कोई प्रभाव न पड़े।

इस प्रकार की मालिश के अभाव में रासायनिक रंग त्वचा पर गहरा प्रभाव छोड़ते हैं तथा त्वचा में कुछ दिनों तक जलन एवं शुष्कता बनी रहती है।

☞ जो लोग होली खेलने में वार्निश, आईल पेंट या अन्य किसी प्रकार के चमकदार पेंट का उपयोग करते हैं, ऐसे लोगों से सावधान रहिये। भूलकर भी उस टोली में शामिल न होइये, जिसमें इस प्रकार के घातक पदार्थों से होली खेली जाती हो। ये रंग चेहरे की त्वचा के लिए अत्यधिक हानिकारक साबित हुए हैं। कभी-कभी तो इनसे पूरा चेहरा ही काला या दागदार बन जाता है। यदि कोई आप पर ऐसा रंग जबरन लगा भी दे तो तुरंत ही घर पहुँचकर रूई के फाहे को मिट्टी के तेल में डुबोकर उससे धीरे-धीरे रंग साफ कर लीजिये। फिर साबुन लगाकर चेहरा धो डालिये।

☞ त्वचा पर लगे पक्के रंग को बेसन, आटा, दूध, हल्दी व तेल के मिश्रण से बना उबटन बार-बार लगाकर एवं उतारकर साफ किया जा सकता है। यदि उबटन के पूर्व उस स्थान को नींबू से रगड़कर साफ कर लिया जाय तो और भी लाभ होगा। नाखूनों के आस-पास की त्वचा में जमे रंग को भी नींबू द्वारा घिसकर साफ किया जा सकता है।

☞ होली घर के बजाय बरामदे में या सड़क पर ही खेलें ताकि घर के भीतर रखी वस्तुओं पर उनका दुष्प्रभाव न पड़े और होली खेलते समय फटे या घिसे हुए पतले वस्त्र न पहनें ताकि किसी भी प्रकार की लज्जाजनक स्थिति का सामना न करना पड़े।


☞ होली के अवसर पर देहातों में भाँग व शहरों में शराब पीने का अत्यधिक प्रचलन है। पर नशे के मद में चूर होकर व्यक्ति विवेकहीन पशुओं जैसे कृत्य करने लगता है। क्योंकि नशा मस्तिष्क से विवेक का नियंत्रण हटा देता है, बुद्धि में उचित निर्णय लेने की क्षमता का ह्रास कर देता है और मनुष्य मन, वचन व कर्म से अनेक प्रकार के असामाजिक कार्य कर बैठता है। अतः इस पर्व पर किसी भी प्रकार के नशीले पदार्थ का सेवन न करें।

☞ शिष्टता व संयम का पालन करें। भाई सिर्फ भाइयों की व बहनें सिर्फ बहनों की ही टोली में होली खेलें। बहनें घर के परिसर में ही होली खेल लें तो और भी अच्छा है ताकि दुष्ट प्रवृत्ति के लोगों की कुदृष्टि उन पर न पड़े।

☞ जो लोग कीचड़-गंदगी व पशुओं के मल-मूत्र जैसे दूषित पदार्थों से होली खेलते हैं, वे खुद तो अपवित्र होते ही हैं, औरों को भी अपवित्र करने का पाप अपने सिर पर चढ़ाते हैं। अतः होली खेलते समय इनका प्रयोग न करें।

☞ होली खेलते समय शरीर पर गहने आदि कीमती आभूषण धारण न करें, अन्यथा भीड़ में उनके चोरी या गुम हो जाने की संभावना बनी रहती है।

अनुक्रम — पृष्ठ



होलिकोत्सव पर पूज्य बापूजी का संदेश

संस्कृति की पहचान का पुनीत पर्व : होली

होली भारतीय संस्कृति की पहचान का एक पुनीत पर्व है। एक-दूसरे में छुपे हुए ईश्वरत्व को, आनंद को, सहजता को, निरहंकारिता के एवं सरलता, सहजता के सुख को प्रकट करने का उत्सव है 'होलिकोत्सव'।

होली... एक संकेत है वसंतोत्सव के रूप में ऋतु-परिवर्तन का... एक अवसर है भेदभाव की भावना को भुलाकर पारस्परिक प्रेम और सद्‌भावना प्रकट करने का... एक यज्ञ है अपने कुसंस्कारों एवं दुर्गुणों की आहुति देने का... एक संदेश है जीवन में ईश्वरोपासना एवं प्रभुभक्ति बढ़ाने का...

विषय-विकार एवं भोग-वासना पर भक्ति और ज्ञान की विजय का उत्सव... स्वास्थ्य की सुरक्षा का उत्सव... राग-द्वेष को भुलाकर, उसे अग्नि में जलाकर पुनः अपने दिल जोड़ने का उत्सव है होलिकोत्सव...

इस उत्सव ने कितने ही खिन्न मनों को प्रसन्न किया है, कितने ही अशांत-उद्विग्न चेहरों पर रौनक लायी है...

होलिकोत्सव से मानव-जाति ने बहुत कुछ लाभ उठाया है। इस उत्सव में लोग एक-दूसरे को अपने-अपने रंग से रँगकर, मन की दूरियों को मिटाकर एक-दूसरे के नजदीक आते हैं। वैरभाव को भुलाकर आनंद और उल्लास जगाते हैं। यह उत्सव जीवन में नया रंग लाने का उत्सव है... आनंद जगाने का उत्सव है... छोटे-बड़े का भेद मिटाकर सबको अखण्ड आनंद के अधिकारी बनने में मदद करनेवाला उत्सव है। **'परस्पर देवो भव।'** की भावना जगानेवाला उत्सव है... विकारी भावों पर धूल डालने एवं निर्विकार नारायण का प्रेम जगाने का उत्सव है... लोगों के मन के खटके को दूर करके परस्पर सुहृदता जगाने का उत्सव है... नकली सुखों को, नकली रंगों को हटाकर असली सुख पाने का, असली रंग में रँगने का उत्सव है।

मीरा ने भी कहा है :

श्याम पिया ! मोरी रँग दे चुनरिया।
ऐसी रँग दे कि रंग नाहीं छूटे,
धोबिया धोये चाहे सारी उमरिया...

हमारी इन्द्रियों पर, हमारे तन और मन पर संसार का रंग पड़ता है और उतर जाता है लेकिन भक्ति और ज्ञान का रंग अगर भूल से भी पड़ जाय तो मृत्यु के बाप की भी ताकत नहीं कि उस रंग को हटा सके। इसी भक्ति और ज्ञान के रंग में खुद को रँगने का पर्व है होली।

होली हुई तब जानिये, पिचकारि सद्‌गुरु की लगे।
सब रंग कच्चे जाँय उड़, यक रंग पक्के में रँगें॥

होली का उत्सव अति प्राचीन उत्सव है। पहले इस उत्सव (वसंतोत्सव) में नये गेहूँ और नये जौ आदि की यज्ञ में आहुतियाँ दी जाती थीं और बाद में अन्न ग्रहण किया जाता था। अब ये सब परम्पराएँ रसायनयुक्त रंगों से खेली जानेवाली होली के रूप में परिणत हो गयी हैं और वेदमंत्रों का उच्चारण अश्लील गीतों में परिणत हो गया है।

आज भी कच्चे चने भूने जाते हैं जिसे 'होला' कहते हैं। यह 'होला' वही प्राचीन होली का प्रतीक है।

शब्दकोष ग्रंथों के अनुसार भूने हुए अन्न



को संस्कृत भाषा में 'होलका' नाम से पुकारा जाता है। अतः इसी नाम पर होलिकोत्सव का प्रारंभ मानकर इस पर्व को हम वेदकालीन कह सकते हैं। आज भी होलिका-दहन के समय डंडे पर बँधी गेहूँ-जौ की बालियों को भूनते हैं - यह प्राचीन होलिकोत्सव की ही स्मृति दिलाता है।

श्री भोले बाबा ने 'वेदान्त छंदावली' में कहा है :

होली हुई तब जानिये, संसार जलती आग हो।
सारे विषय फीके लगें, नहिं लेश उनमें राग हो ॥
हो शांति कैसे प्राप्त निशदिन, एक यह ही ध्यान हो।
संसार दुःख कैसे मिटे, किस भाँति से कल्याण हो ॥

होली का त्यौहार सत्यनिष्ठा की विजय का त्यौहार है। यह पर्व हमें बताता है कि सत्य में, ईश्वर में निष्ठा रखनेवाले की मदद के लिए प्रकृति अपने अटल नियम को भी बदल देती है। इस पर्व के पीछे अपने ऋषियों का यही ध्येय रहा था कि उनकी संतान इस प्रसंग से प्रेरणा लेकर सत्य की ओर चले, शांति की ओर चले, अमरता की ओर चले। इसीलिए भोले बाबा ने कहा होगा :

होली अगर है खेलनी, तो संत सम्मत खेलिये।
संतान शुभ ऋषि मुनिन की, मत संत आज्ञा पेलिये ॥

ऋषियों के अनुभव को जिन्होंने अपना अनुभव बनाया है, वे ऋषियों के सच्चे संतानरूपी संत ही होली का सच्चा तत्त्व समझा सकते हैं। इसीलिए संतों के कहे अनुसार ही होली खेलें। होली रंगों का त्यौहार है। यह एक संजीवनी है जो साधक की साधना को पुनर्जीवित करती है। यह समाज में प्रेम का संदेश फैलाने का पर्व है।

होली मात्र लकड़ी के ढेर को जलाने का त्यौहार नहीं है, यह तो चित्त की दुर्बलताओं को दूर करने का, मन की मलिन वासनाओं को जलाने का पवित्र दिन है। अपने दुर्गुणों, व्यसनों व बुराइयों को जलाने का पर्व है... अच्छाइयाँ ग्रहण करने का पर्व है... समाज में स्नेह का संदेश फैलानेवाला पर्व है...

सत्य, शांति, प्रेम, दृढ़ता की विजय होती है इसकी याद दिलाता है होली का दिन। यह हिरण्यकशिपुरूपी आसुरी वृत्ति तथा होलिकारूपी कपट के पराजय का दिन है। यह पवित्र पर्व परमात्मा में दृढ़ निष्ठावान के आगे प्रकृति द्वारा अपने नियमों को बदल देने की याद दिलाता है। मानव को भक्त प्रह्लाद की तरह विघ्न-बाधाओं के बीच भी भगवन्निष्ठा टिकाये रखकर संसार-सागर से पार होने का संदेश देनेवाला पर्व है होली।

आज के दिन से विलास, वासनाओं का त्याग करके परमात्म-प्रेम, सद्भावना, सहानुभूति, इष्टनिष्ठा, जपनिष्ठा, स्मरणनिष्ठा, सत्संगनिष्ठा, स्वधर्मपालन, करुणा, दया आदि दैवी गुणों का अपने जीवन में विकास करना चाहिए। भक्त प्रह्लाद जैसी दृढ़ ईश्वरनिष्ठा, प्रभुप्रेम, सहनशीलता व समता का आह्वान करना चाहिए।

होली अर्थात् हो ली... अर्थात् जो हो गया सो गया... कल तक जो होना था वह हो चुका... उसे भूल जाओ। निंदा हो गयी सो हो गयी, प्रशंसा हो गयी सो हो गयी, जो कुछ हो गया सो हो गया। तुम रहो मस्ती में, आनंद में।

जो बीत गया उस समय, वस्तु अथवा दुःख को याद करके अपने वर्तमान को दुःखमय न बनायें वरन् उसे भूलकर वर्तमान को सुखी बनाने की कला सीख लें। होली का त्यौहार यही संदेश देता है। वर्तमान को सुखी बनाने की कला महापुरुषों के सत्संग से मिलती है। उनके पावन सान्निध्य से ही वर्तमान सुख का अनुभव होता है। शायद इसीलिए भोले बाबा ने कहा है :

होली हुई तब जानिये, पिचकारि सद्गुरु की लगे।

क्योंकि सद्गुरु के ज्ञान के बिना सुखी एवं निश्चिन्त जीवन जीने की कला नहीं आती।

आइये, आज से एक नया जीवन शुरू करें। जो दीन-हीन हैं, शोषित हैं, उपेक्षित हैं, पीड़ित हैं, अशिक्षित हैं, समाज के उस अंतिम व्यक्ति को भी सहारा दें। जिंदगी का क्या भरोसा ? कोई कार्य ऐसा कर लें कि जिससे हजारों हृदय आशीर्वाद देते रहें। चल निकलें ऐसे पथ पर कि जिस पर चलकर कोई दीवाना प्रह्लाद बन जाय।

होली का उत्सव हमें यही पावन संदेश देता है कि हम भी अपने जीवन में आनेवाली विघ्न-बाधाओं का धैर्यपूर्वक सामना करें एवं कैसी भी विकट परिस्थितियाँ आयें किंतु प्रह्लाद की तरह ही ईश्वर में अपनी श्रद्धा को अडिग बनाये रखें।

जहरीले रंगों के स्थान पर परम शुद्ध, परम पावन परमात्मा के नाम-संकीर्तन के रंग में खुद रँगें और दूसरों को भी रँगायें। छोटे-बड़े के, मेरे-तेरे के भेदभाव को भूलकर सबमें उसी एक सत्यस्वरूप, चैतन्यस्वरूप परमात्मा को निहारकर अपना जीवन धन्य बनाने के

मार्ग पर अग्रसर हों।

संतों ने कहा है : 'संसार में हर व्यक्ति अपना-अपना ही रंग लिये खड़ा है। सामान्य मनुष्य पर तो कभी काम की वृत्ति का रंग चढ़ता है, कभी क्रोध की वृत्ति का तो कभी लोभ का रंग चढ़ता है...। मानव इससे इतना विषयासक्त हो जाता है कि उसमें से निकल नहीं पाता। तरह-तरह के रूप, रस, गंध आदि के छींटें जीव का सत्यानाश कर देते हैं। मात्र सद्गुरु ही उस पर एक ऐसा रंग चढ़ाना चाहते हैं जिस पर रूप, रस, गंध आदि का रंग न चढ़ सके।'

इन विषयों के रंग से बचाने के लिए सद्गुरु जो रंग चढ़ाना चाहते हैं, वह है परमात्म-रंग। एक बार उस रंग में रँग गये तो फिर विषयों का रंग जीव पर कतई नहीं चढ़ सकता। वह रंग ऐसा पक्का होता है कि :

साहेब है मेरो रंगरेज, चुनरी मोरी रँग डाली।
धोये से छूटे नहीं, दिन दिन होत सुरंग,
शाही रंग छुड़ाय के, दियो मजीठा रंग।


सूरदासजी ने इसी बात को अपने ढंग से कहा है :

सूरदास कारी कामरी पर चढ़े न दूजो रंग॥

अपनी उच्छृंखलता, उद्दंडता से अपना नुकसान न हो इसकी कदम-कदम पर सावधानी रखना। ऐसी परिस्थितियों से बचकर रहना जो आपको दारू, गाँजा, भाँग रूपी जहरीले रंगों से रँगना चाहती हैं। आप तो बस, अपने को हरिभक्ति के रंग से, प्रभु एवं प्रभु के संतों की मस्ती में रँग देना... इतना रँग डालना, इतना रँग डालना कि वह रंग कभी न उतरे...

करोगे न हिम्मत... उठो एवं चल पड़ो आत्मसाक्षात्कार की ओर... किन्हीं संत-महापुरुष की शरण जाकर उनके साथ होली खेलो। उनके रंग में रँग जाओ तो तुम्हारी एक क्षण की होली भी तुम्हें महान एवं अमर बना देगी।

होली के पर्व पर हम सब प्रभु से प्रार्थना करें कि 'हे प्रभु ! रँग दे मेरी चुनरी... तेरे रंग में ऐसी रँग दे कि वह रंग कभी न उतरे। संसार का कच्चा रंग तो स्नान के बाद उतर जायेगा लेकिन अगर तेरी भक्ति का रंग लग जाय तो उस रंग के आगे दूसरे सभी रंग फीके पड़ जायेंगे, जबकि भक्ति का रंग कभी नहीं उतरेगा। मेरा जीवन उन्नत होता जाय... गुरु पिया ! प्रभु पिया !! श्याम पिया !!! मेरी रँग दे चुनरिया...'



भगवान शिव के षडक्षर एवं पंचाक्षर मंत्र का माहात्म्य

ज्योतिर्मात्रस्वरूपाय निर्मलज्ञानचक्षुषे।
नमः शिवाय शान्ताय ब्रह्मणे लिंगमूर्तये॥

'ज्योतिमात्र जिनका स्वरूप है, निर्मल ज्ञान ही जिनका नेत्र है, जो लिंगस्वरूप ब्रह्म हैं उन परम शांत, कल्याणमय भगवान शिव को नमस्कार है।'

ऋषि बोले : ''सूतजी ! हम लोग त्रिपुर-विनाशक शिवजी के मंत्रों की महिमा सुनना चाहते हैं।''

सूतजी ने कहा : ''मुनियो ! मरणधर्मा मनुष्यों के लिए इतना ही सबसे उत्तम एवं सनातन श्रेय है कि भगवान महेश्वर की कथा में अकारण भक्तिभाव का उदय हो। समस्त पुण्यों, श्रेय के सम्पूर्ण साधनों और समस्त यज्ञों में जपयज्ञ को ही सर्वोत्तम माना गया है। जैसे सब देवताओं में त्रिपुरारि भगवान शंकर श्रेष्ठ हैं, उसी प्रकार सब मंत्रों में शिव का षडक्षर मंत्र श्रेष्ठ है। उसीको प्रणव से रहित होने पर पंचाक्षर मंत्र भी कहते हैं। वह जप करनेवाले पुरुषों को मोक्ष देनेवाला है।

सिद्धि की इच्छा रखनेवाले सब श्रेष्ठ मुनि पंचाक्षर मंत्र का सम्यक् रूप से सेवन करते हैं। शिवजी के शुभ पंचाक्षर मंत्र में सर्वज्ञ, परिपूर्ण, सच्चिदानंदस्वरूप भगवान शिव सदा रमते रहते हैं। यह मंत्रराज सम्पूर्ण उपनिषदों का आत्मा है। इसके जप से मुनियों ने निरामय परब्रह्म का साक्षात्कार किया है। 'नमः शिवाय' मंत्र में 'नमः' पद के अर्थभूत नमस्कार के द्वारा जीवभाव परमात्मा शिव में मिलकर तद्रूप हो जाता है। अतः वह मंत्र साक्षात् परब्रह्मस्वरूप है। संसार-बन्धन में बँधे हुए देहधारियों के हित की कामना से स्वयं भगवान शिव ने 'ॐ नमः शिवाय' इस आदि मंत्र का प्रतिपादन किया है। यह मंत्र सम्पूर्ण ज्ञान की निधि है। यह मोक्षमार्ग को प्रकाशित करनेवाला दीपक है। अविद्या के समुद्र को सोखनेवाला बड़वानल है और महापातकों के जंगल को जला डालनेवाला दावानल है। अतः यह मंत्र सब कुछ देनेवाला माना गया है। यह मंत्र सदा पवित्र है। 'शिव' यह दो अक्षर का मंत्र ही बड़े-बड़े पातकों का नाश करने में समर्थ है और इसमें 'नमः' पद जोड़ दिया गया, तब तो यह मोक्ष देनेवाला हो जाता है। जो गुरु निर्मल, शांत, साधु स्वभाव के, स्वल्पभाषी, काम-क्रोध से रहित, सदाचारी और जितेन्द्रिय हों, उनके द्वारा दयापूर्वक दिया हुआ मंत्र शीघ्र ही सिद्ध हो जाता है।



शिवभक्त राजा चन्द्रसेन और भक्त श्रीकर गोप

उज्जयिनी (वर्तमान में उज्जैन, म.प्र.) में चन्द्रसेन नामक एक राजा थे। वे भगवान महाकाल का पूजन करते थे। शिवजी के पार्षदों में अग्रगण्य तथा अमंगलों को जीतनेवाले विश्ववंदित मणिभद्रजी राजा चन्द्रसेन के सखा हो गये थे। एक समय उन्होंने राजा पर प्रसन्न होकर उन्हें दिव्य चिन्तामणि प्रदान की, जो कौस्तुभमणि तथा सूर्य के समान देदीप्यमान थी। वह देखने, सुनने अथवा ध्यान करने पर भी मनुष्यों को मनोवांछित वस्तु प्रदान करती थी। राजा उस चिन्तामणि को कंठ में धारण करके जब राजसिंहासन पर बैठते थे, तब देवताओं में सूर्यनारायण की भाँति शोभायमान होते थे। राजा चन्द्रसेन के विषय में ऐसा सुनकर समस्त राजाओं के मन में उस मणि के प्रति लोभ उत्पन्न हो गया। उन सबने बहुत-सी सेना साथ लेकर उज्जयिनी पर आक्रमण किया और उसके चारों द्वारों को घेर लिया। अपनी पुरी को घिरी हुई देख राजा चन्द्रसेन भगवान महाकाल की शरण में गये और मन को संदेहरहित करके दृढ़ निश्चय के साथ उपवासपूर्वक दिन-रात अनन्य भाव से उनकी आराधना करने लगे।

उन्हीं दिनों उस नगर में कोई विधवा ग्वालिन रहती थी, जिसके एकमात्र पुत्र था। वह अपने पाँच वर्ष के बालक को लेकर भगवान महाकाल के मंदिर में गयी और राजा चन्द्रसेन द्वारा की हुई गिरिजापति की महापूजा के दर्शन किये। ग्वालिन के बालक ने भी वह सारी पूजा देखी। अतः घर आने पर उस बालक ने कौतूहलवश शिवजी की पूजा प्रारम्भ की, जो संसार से वैराग्य प्रदान करनेवाली है। उसने एक सुन्दर पत्थर लाकर उसे घर से थोड़ी ही दूरी पर एकान्त स्थान में रख दिया और उसीको शिवलिंग माना, फिर अपने हाथ से मिलने लायक जो कोई भी फूल दिखायी दिये, उन सबका संग्रह करके उस बालक ने जल से शिवलिंग को स्नान कराया और भक्तिपूर्वक पूजन किया। तत्पश्चात् कृत्रिम अलंकार, चन्दन, धूप, दीप और अक्षत आदि से अर्चना करते मनःकल्पित दिव्य वस्तुओं से भगवान को नैवेद्य निवेदन किया। सुन्दर-सुन्दर पत्रों और फूलों से बार-बार पूजा करके भाँति-भाँति से नृत्य किया और बारंबार भगवान के चरणों में शीश झुकाया। इस प्रकार अनन्यचित्त होकर शिव की आराधना में लगे हुए अपने पुत्र को ग्वालिन ने बड़े प्यार से भोजन के लिए बुलाया। उसका मन तो पूजा में लगा हुआ था। माता के बहुत बुलाने पर भी उसे भोजन करने की इच्छा न हुई। तब उसकी माँ स्वयं उसके पास गयी और उसे शिव के आगे आँख बंद करके ध्यान लगाये बैठा देख हाथ पकड़कर खींचने लगी। इतने पर भी जब वह न उठा, तब उसने क्रोध में आकर उसे खूब पीटा। खींचने और मारने-पीटने पर भी जब उसका पुत्र नहीं आया, तब उसने वह शिवलिंग उठाकर दूर फेंक दिया और उस पर चढ़ायी हुई सारी पूजा-सामग्री नष्ट कर दी। यह देख बालक 'हाय-हाय' करके रो उठा। बालक पूर्वजन्म का संस्कारी आत्मा रहा होगा। रोष में भरी हुई ग्वालिन अपने बेटे को डाँट-डपटकर पुनः घर में चली गयी। भगवान शिव की पूजा को माता के द्वारा नष्ट हुई देख वह बालक 'देव! देव! महादेव!' की पुकार करते हुए सहसा मूर्च्छित होकर गिर पड़ा। उसके नेत्रों से आँसुओं की धारा प्रवाहित हो रही थी। दो घड़ी बाद जब उसे चेत हुआ, तब उसने आँख खोली और देखा कि उसका वही निवासस्थान परम सुन्दर शिवालय हो गया है। मणियों के खंभे उसकी शोभा बढ़ा रहे हैं। उसके द्वार, किवाड़ तथा मुख्य फाटक सब स्वर्णमय हो गये हैं। वहाँ की भूमि बहुमूल्य नीलमणि तथा हीरों की वेदिकाओं से सुशोभित है। यह सब देखकर वह हर्ष से परमानंद के समुद्र में निमग्न हो गया। तत्पश्चात् उस बालक ने अपनी माता के अपराध की शांति के लिए पृथ्वी पर मस्तक रखकर भगवान शिव को साष्टांग प्रणाम किया और कहा : 'देव! उमापते! मेरी माता का अपराध क्षमा कीजिये। वह मूढ़ है, आपके प्रभाव को नहीं जानती। आप उस पर प्रसन्न होइये, यदि मुझमें आपकी भक्ति से उत्पन्न हुआ कुछ भी पुण्य है तो उससे मेरी माता आपकी दया प्राप्त करे।'

इस प्रकार भगवान शंकर को बार-बार प्रार्थना करके उनके चरणों में मस्तक झुकाकर सूर्यास्त के समय वह बालक शिवालय से बाहर निकला और उसने अपने निवासस्थान को देखा। वह इन्द्रनगर के समान शोभा पा रहा था। वहाँ सब कुछ तत्काल सुवर्णमय होकर विचित्र वैभव से प्रकाशित होने लगा। भवन के भीतर प्रवेश करके बालक ने देखा कि उसकी माँ बहुमूल्य रत्नमय पलंग पर बिछी हुई श्वेत रंग की शय्या पर निर्भय होकर सो रही है। उसने माता को जगाया। ग्वालिन बड़े वेग से उठी और अपने को, अपने पुत्र को तथा अपने घर को भी अपूर्व रूप में देखकर आनंद से विह्वल हो गयी।

पुत्र के मुख से गिरिजापति शंकर की इस दिव्य लीला को सुनकर ग्वालिन ने राजा को सूचना दी, जो निरन्तर भगवान शिव के भजन में लगे रहते थे। राजा अपना नियम पूरा करके रात में सहसा वहाँ आये और ग्वालिन के पुत्र का वह प्रभाव, जो शंकरजी के संतोष से प्रकट हुआ था, देखा। स्वर्णमय शिवमंदिर, रत्नमय शिवलिंग तथा सुन्दर मणि-माणिक्यों से जगमगाता हुआ ग्वालिन का महल देखकर राजा चन्द्रसेन पुरोहित और मंत्रियों के साथ दो घड़ी तक आश्चर्यचकित हो आनंद में डूबे रहे। तत्पश्चात् उन्होंने प्रेम के आँसू बहाते हुए ग्वालिन के उस बालक को हृदय से लगा लिया। भगवान शिव के इस अद्‌भुत माहात्म्य की चर्चा समस्त पुरवासियों में बड़े वेग से फैल गयी।

प्रातःकाल दूतों के मुख से यह परम अद्‌भुत समाचार सुनकर, युद्ध के लिए आये हुए और नगर को चारों ओर से घेरकर खड़े हुए राजा चकित हुए, उनके मन से वैरभाव निकल गया। उन्होंने सहसा हथियार डाल दिये और महाराज चन्द्रसेन की आज्ञा से नगर में प्रवेश किया। उस रमणीय नगरी में प्रवेश करके भगवान महाकाल को प्रणाम करने के पश्चात् सब राजा उस ग्वालिन के घर पर आये। वहाँ राजा चन्द्रसेन ने आगे बढ़कर उनका स्वागत किया। वे बहुमूल्य आसनों पर बैठे और विस्मित एवं आनंदित हुए। गोप-बालक पर कृपा करने के लिए स्वतः प्रकट हुए शिवालय और शिवलिंग के दर्शन करके सब राजाओं ने भगवान शिव को अपनी उत्तम बुद्धि समर्पित की, उनमें भक्तिपूर्वक मन लगाया। कैसी है शिवभक्ति ! जिसके प्रभाव से वैर प्रेम में, लोभ उदारता में और अहंकार नम्रता में बदला। मुसीबत आनंद के महासागर में बदली। लोभ, विकार छूटकर चित्त में भक्ति, प्रेम और उदारता का उदय हुआ।

उसी समय सब देवताओं से पूजित परम तेजस्वी वानरराज हनुमानजी वहाँ प्रकट हुए। उनके आते ही सब राजाओं ने बड़े वेग से उठकर भक्तिभाव से विनीत हो उन्हें नमस्कार किया। तब हनुमानजी ने कहा : 'राजाओ ! भगवान शिव की पूजा के सिवा देहधारियों के लिए दूसरी कोई गति नहीं है। गोपवंश की कीर्ति बढ़ानेवाला यह बालक संसार में सबसे अधिक पुण्यात्मा है। इसकी वंश-परम्परा में आठवीं पीढ़ी में महायशस्वी नंद उत्पन्न होंगे, जिनके यहाँ साक्षात् भगवान नारायण उनके पुत्ररूप में प्रकट हो श्रीकृष्ण नाम से प्रसिद्ध होंगे। आज से यह गोपालनंदन संसार में 'श्रीकर' नाम से विख्यात होगा।'

अंजनीनंदन हनुमानजी उस गोप बालक को शिवोपासना के आचार-व्यवहार का उपदेश देकर अंतर्धान हो गये। वे सब राजा बड़े हर्षित हुए और महाराज चन्द्रसेन की आज्ञा लेकर जैसे आये थे, वैसे ही लौट गये। महातेजस्वी श्रीकर भी हनुमानजी का उपदेश पाकर धर्मज्ञ ब्राह्मणों के साथ शंकरजी की आराधना करने लगा। भक्त श्रीकर गोप तथा राजा चन्द्रसेन दोनों ने भक्तिपूर्वक शिव की आराधना करके अंत में परम पद प्राप्त किया। इस माया में मायापति के संकल्प से सब कुछ संभव है। जो करने में समर्थ, न करने में समर्थ, अन्यथा करने में समर्थ है, जिसे नन्हा, अनपढ़ ग्वाल भी प्रीतिपूर्वक भजकर प्राप्त कर सकता है, उस अनन्य की करुणा-कृपा और प्रसाद कोई भी पा सकता है।



भगवान शिव के नाम की महिमा

महर्षि लोमशजी नैमिषारण्य तीर्थ में सौनकादि ऋषियों को नाम की महिमा बताते हुए कहते हैं :

हरे हरेति वै नाम्ना शम्भोश्चक्रधरस्य च।
रक्षिता बहवो मर्त्याः शिवेन परमात्मना ॥

'हे हरे ! और हे हर ! इस प्रकार भगवान शिव और विष्णु के नाम लेने से परमात्मा शिव ने बहुतेरे मनुष्यों की रक्षा की है।'

(स्कन्द पुराण, माहे.खं.-केदार.खं. : ५.१२)

ते धन्यास्ते महात्मानः कृतकृत्यास्त एव हि।
द्व्यक्षरं नाम येषां वै जिह्वाग्रे संस्थितं सदा ॥
शिव इत्यक्षरं नाम यैरुदीरितमद्य वै।
ते वै मनुष्यरूपेण रुद्राः स्युर्नात्र संशयः ॥

'जिनकी जिह्वा के अग्रभाग पर सदा भगवान शंकर का दो अक्षरोंवाला नाम (शिव) विराजमान रहता है वे धन्य हैं, वे महात्मा पुरुष हैं तथा वे ही कृतकृत्य हैं। आज भी जिन्होंने 'शिव' इस अविनाशी नाम का उच्चारण किया है, वे निश्चय ही मनुष्यरूप में रुद्र हैं - इसमें संशय नहीं है।'

(स्कन्द पुराण, माहे. खं.-केदार खं. : २७.२२,२३)

मध्य प्रदेश की मुख्यमंत्री सुश्री उमा भारती के उद्‌गार

(भोपाल, दिनांक : ६ जुलाई २००३)



...तो मैं इन्द्रासन भी ठुकरा दूँगी। बापू को प्रणाम!

पूज्य बापूजी तथा यहाँ उपस्थित सभी बहनो एवं भाइयो, मुझे सत्संग में आने का मौका पहली बार मिला है। मैंने पूज्य बापू का फोटो देखा था। एकाध बार कभी टी.वी. चैनल चालू किया तो उसमें भी देखा। ऐसा मौका कभी नहीं आया जब आमने-सामने बात होती और वह इसलिए नहीं आया क्योंकि मैंने तय किया हुआ था कि पूज्य बापूजी के पास तभी जाऊँगी जब बापू चाहेंगे, क्योंकि जब तक संत नहीं चाहते तब तक आप उनके पास पहुँच भी नहीं सकते। आप कोशिश भी करेंगे और वहाँ पहुँच भी जायेंगे तो भी मिलना और नहीं मिलना बराबर हो जायेगा। जब वे तय करें कि आप उनसे मिलो तभी आप उनसे मिल सकते हैं और इसलिए आज का दिन वह दिन है जब मुझे बापू के दर्शन करने का मौका मिला है और उनसे एक अद्‌भुत बात मुझे और आप सबको सुनने को मिली है, वह है प्रेम की बात। इस सृष्टि का जो मूल तत्त्व है, वह है प्रेम। यह प्रेम नाम का तत्त्व यदि न हो तो सृष्टि नष्ट हो जायेगी। लेकिन संसार में कोई प्रेम करना नहीं जानता, या तो भगवान प्यार करना जानते हैं या संत प्यार करना जानते हैं। जिसको संसारी लोग अपनी भाषा में प्रेम कहते हैं, उसमें तो कहीं-न-कहीं स्वार्थ जुड़ा होता है लेकिन भगवान, संत और गुरु का प्रेम ऐसा होता है जिसको हम सचमुच प्रेम की परिभाषा में बाँध सकते हैं।

मैं यह कह सकती हूँ कि साधु-संतों को देश की सीमाएँ नहीं बाँधतीं। बापू को याद आ जायेगा कि एक सिंधु नदी बहती है। वह कैलाश मानसरोवर के चरणों से निकलती है। चाईना के बॉर्डर से और जम्मू कश्मीर के लेह लद्दाख के बोर्डर से गुजरती हुई पाकिस्तान चली जाती है। जैसे नदियों की धाराएँ देश और जाति की सीमाओं में नहीं बँधतीं, उसी प्रकार परमात्मा का प्रेम और संतों का आशीर्वाद भी कभी देश, जाति और संप्रदाय की सीमाओं में नहीं बँधता। जैसे सिंधु नदी का कोई देश नहीं है, वह तीन-चार देशों में से बह रही है, वैसे ही संत का भी कोई देश नहीं होता। लेकिन फिर भी एक देश नाम की चीज होती है, देश की सीमाएँ नाम की चीज होती है और अपने प्रेम की व्यापकता को बनाये रखते हुए भी जिस विशिष्ट देश में देह जन्मी हो, मैं यह कह सकती हूँ कि संत तो भारत की भूमि पर ही जन्मते हैं और जो बाहर जन्मते हैं वे भी कभी-न-कभी किसी-न-किसी बहाने भारत में आते जरूर हैं या उनके साथी-सहयोगी भारत में आते जरूर हैं। यह विशेषता तो भारत की ही है।

आज झूठ, पाप और पाखंड इतना बढ़ गया है कि कई बार घबराहट होने लगती है कि ऐसे में रहेंगे कैसे ? फिर अंत में एक बात याद आ जाती है कि एक आदमी ने सोचा कि शहर बहुत गंदा हो गया है, इसलिए मैं जंगल में जाऊँगा। जंगल में नदी किनारे गया, मछलियाँ दिखीं तो बोला : ''अरे, यह तो नदी भी गंदी हो गयी है।'' फिर वह पेड़ के नीचे जाकर बैठा। वहाँ चिड़िया ने उसके ऊपर बीट कर दी तो कहने लगा : ''अरे, यहाँ तो पेड़ के नीचे भी गंदगी है।'' फिर अंत में वह एक साधु की शरण गया और बोला : ''महाराज ! साफ जगह कहाँ मिलेगी ?'' तब साधु ने उससे कहा : ''गंदगी तुम्हारे मन में है, इसलिए तुम्हें वह हर जगह दिखती है। तुम तय कर लो कि जहाँ भी तुम बैठोगे, वहाँ शुद्ध मन से भगवान को याद करोगे तो वह जगह भी शुद्ध हो जायेगी।''

काल की गणना के अनुसार यह कलियुग चल रहा है, इसीलिए हृदय की निष्कपटता, निःस्वार्थ प्रेम, त्याग और तपस्या का क्षरण (क्षय) होने लगा है लेकिन फिर भी धरती अगर टिकी है और मैं यह सच बोल रही हूँ, बापू की चमचागिरी नहीं कर रही हूँ, मैं सच बोल रही हूँ कि धरती तो इसलिए टिकी है बापू! क्योंकि आप जैसे संत भारतभूमि पर विचरण करते हैं।

बापू की कथा में ही मैंने यह विशेषता देखी है कि गरीब और अमीर, दोनों को अमृत के घूँट एक जैसे पीने को मिलते हैं। यहाँ गाँवों के गरीब लोग भी आते हैं और बड़े-बड़े धनाढ्य, लक्ष्मी जिनके घर की परीक्रमा करती है, ऐसे लोग भी आते हैं। यहाँ कोई भेदभाव नहीं है और

यह भी मैं बापू से कहूँ कि ये चीजें मैं बहुत दिनों से अपनी डायरी में नोट कर रही थी कि बापू के यहाँ ही यह खूबी देखने को मिलती है कि यहाँ पद-प्रतिष्ठा और पैसे के आधार पर कोई भेदभाव नहीं होता। यहाँ सबको बापू का सत्संग सुनने को मिलता है, दर्शन करने को मिलते हैं और जो व्यवस्था बनानेवाले लोग हैं, वे व्यवस्था बनाते समय कोई भेदभाव नहीं करते।

मैं राजनीति में हूँ पर राजनीतिज्ञ नहीं हूँ, मैं तो बापू की बालिका हूँ और बापू को यह पता है। बापू का और मेरा सम्बन्ध जन्म-जन्मांतर का है। इसलिए मैं अभी जो बात बोलूँगी, वह एकदम ऐसे ही बोलूँगी जैसे एक बालक बोलता है।

अब मैं वह वाक्य बोलूँगी यहाँ पर, जो एक छोटी-सी लड़की ने मेरी डायरी में लिखा था और उसके साथ अपनी बात खत्म करूँगी।

उसने लिखा था : ''आई लव यू नॉट फॉर वॉट यू आर बट फॉर वॉट आई एम वेन आई एम विथ यू।''

गुरु के बारे में यह कभी नहीं देखना चाहिए कि गुरु को क्या आता है और क्या नहीं आता, गुरु क्या करते हैं और क्या नहीं करते क्योंकि अगर हम उनकी थाह लेने के लिए निकलें तो हम ही गुरु हो गये। इसलिए यह कभी नहीं देखना चाहिए कि गुरु कैसे कपड़े पहनते हैं, कैसा भोजन करते हैं, कैसी वाणी बोलते हैं ? अरे, यह ऐसा क्यों कर रहे हैं ? मैं आपको सच बताती हूँ कि एक ही चीज को देखिये कि जब हम उनके पास बैठे थे, तब हम कैसे हो गये थे ? और तब हम जो हो जाते हैं वही हमारी उपलब्धि है, गुरु की थाह तो ली नहीं जा सकती। इसलिए यहाँ मैं बापू को भी अंग्रेजी में यही बोलूँगी। मैं बोलूँगी :

''बापू आई लव यू नॉट फॉर वॉट यू आर बट फॉर वॉट आई एम वेन आई एम विथ यू।

अर्थात् बापू ! मैं आपको बहुत प्यार करती हूँ इसलिए नहीं कि आप क्या हो, बल्कि इसलिए कि मैं क्या हो गयी थी जब मैं आपके पास बैठी थी।

मैं आपके पास बैठकर जो हो गयी थी न, उसके सामने तो मैं इन्द्रासन भी ठुकरा दूँगी। बापू को प्रणाम, आप सबको प्रणाम।''

वसंत ऋतु में आहार

वसंत ऋतु शीत व ग्रीष्म ऋतु का संधिकाल होता है। वसंत ऋतु में रक्तसंचार तीव्र हो जाता है, जिससे शरीर में स्फूर्ति रहती है। इस ऋतु में आयुर्वेद ने खान-पान में संयम की बात कहकर व्यक्ति और समाज की निरोगता का ध्यान रखा है।

वसंते निचितः श्लेष्मा दिनकृभ्दाभिरीरितः।

'चरक संहिता' के अनुसार हेमंत ऋतु में संचित हुआ कफ वसंत ऋतु में सूर्य की किरणों के प्रभाव से पिघलकर कुपित होता है, जिससे वसंतकाल में खाँसी, सर्दी-जुकाम, टॉन्सिल्स में सूजन, गले में खराश, शरीर में सुस्ती व भारीपन आदि की शिकायत होने की सम्भावना रहती है।

इस ऋतु में लाई, भूने हुए चने, ताजी हल्दी, ताजी मूली, अदरक, पुरानी जौ, पुराने गेहूँ की चीजें खाने के लिए कहा गया है। इसके अलावा मूँग बनाकर खाना भी उत्तम है। नागरमोथ अथवा सोंठ डालकर उबाला हुआ पानी पीने से कफ का नाश होता है।

वसंत ऋतु में सुबह खाली पेट हरड़े का चूर्ण शहद के साथ सेवन करने से लाभ होता है। इस ऋतु में कड़वे नीम में नयी कोंपलें फूटती हैं। नीम की १५-२० कोंपलें २-३ काली मिर्च के साथ खूब चबा-चबाकर खानी चाहिए। यह प्रयोग १५-२० दिन करने से वर्ष भर चर्मरोग, रक्तविकार और ज्वर आदि रोगों से रक्षा करने की प्रतिरोधक शक्ति पैदा होती है। इसके अलावा कड़वे नीम के फूलों का रस ७ से १५ दिन तक पीने से त्वचा के रोग और मलेरिया जैसे ज्वर से भी बचाव होता है।

आचार्य चरक के अनुसार इस ऋतु में पचने में भारी, चिकनाईवाले, खट्टे और मीठे पदार्थों का सेवन वर्जित है। ठंडे पेय, आइसक्रीम, बर्फ के गोले, चॉकलेट, मैदे की चीजें, खमीरवाली चीजें, दही आदि पदार्थ बिल्कुल त्याग देने चाहिए। इस ऋतु में कफ को कुपित करनेवाले पौष्टिक और गरिष्ठ पदार्थों की मात्रा धीरे-धीरे कम करते हुए गर्मी बढ़ते ही बंद करके सादा, सुपाच्य आहार लेना शुरू कर देना चाहिए। कटु, तिक्त, कषायरस-प्रधान द्रव्यों का सेवन करना हितकारी है।

धार्मिक ग्रंथों के वर्णनानुसार चैत्र मास के दौरान 'अलोने व्रत' (बिना नमक का भोजन) करने से रोग-प्रतिकारक शक्ति बढ़ती है तथा त्वचा के रोग, हृदय के रोग, उच्च रक्तचाप (हाई बी. पी.), गुर्दे (किडनी) आदि के रोग नहीं होते।

महात्मा गौरीनाथ का धर्मांतरण के विरुद्ध उग्र आंदोलन

सोलहवीं शताब्दी में गोवा में पुर्तगालियों का शासन था। वे गोवा का आर्थिक शोषण तो कर ही रहे थे, पर उससे भयानक बात यह थी कि वे गोवा से हिन्दू धर्म और संस्कृति को नष्ट कर वहाँ की जनता का ईसाईकरण कर रहे थे। हिन्दुओं के सभी धार्मिक कृत्य लगभग प्रतिबंधित किये जा रहे थे और मंदिर गिराये जा रहे थे। मूर्तियाँ तोड़कर रास्तों पर फेंकी जा रही थीं। आये दिन चारों तरफ हिन्दुओं पर गोलियों की बौछार होती थी। गायों का निर्दयतापूर्वक कत्ल किया जा रहा था। संगीनों (अस्त्र) की नोक पर हिन्दुओं को ईसाई बनाया जा रहा था। बहुसंख्यक होते हुए भी गोवा का हिन्दू समाज अपने-आपको हताश, असहाय अनुभव कर रहा था। अगर कोई हिन्दू धार्मिक कृत्य करता नजर आता तो उसे तरह-तरह से सताया जाता। उनमें जो दृढ़निश्चयी होते थे उन्हें मार दिया जाता और कमजोर मनवाले उत्पीड़न से छुटकारा पाने के लिए ईसाई बन जाते।

ईसाइयों के अत्याचारों से जनता आतंकित हो उठी। उनकी क्रूरता दिन-प्रतिदिन बढ़ती जा रही थी। ऐसे वातावरण को देखकर कनारा गाँव के एक महात्मा गौरीनाथ सिहर उठे। जब उन्होंने ईसाइयों के बर्बर अत्याचारों और जनता की विवशता को देखा तो उनका हृदय रो पड़ा। वे इस आतंक से लोहा लेने के लिए आगे आये। वे घर-घर जाते, जन-जन से मिलते और यही समझाते कि यदि संगठित रूप से अत्याचार-अनाचार का प्रतिकार किया जाय तो शक्तिशाली बर्बरता को भी परास्त किया जा सकता है। लोगों को संगठित करके महात्मा गौरीनाथ जगह-जगह क्रांति पैदा कर रहे थे। जिससे जनता के अन्दर एक नवीन साहस जगने लगा।

उसी समय ईसाइयों के बर्बर अत्याचार की एक और घटना घटी। एक मंदिर के पुजारी को खंभे से बाँधकर सबके सामने उसके घर की स्त्रियों से अमानुषिक व्यवहार किया गया। इस घटना से जनता का खून खौल उठा। जबरन बनाये गये ईसाइयों ने गले से क्रॉस चिह्न निकाल फेंके और बाइबिल के स्थान पर पुनः गीता और रामायण की स्थापना की गयी। ईसाइयों के प्रति जनता में घोर घृणा पैदा हो गयी। तोड़े गये मंदिरों का निर्माण-कार्य उसी समय आरम्भ हो गया। इस प्रकार महात्मा गौरीनाथ ने क्रांति की एक लहर पैदा कर दी। पुर्तगाली शासन के पैरों से जमीन खिसकने लगी। जगह-जगह तोड़-फोड़ की घटनाएँ होने लगीं। अब ईसाइयों को लगा कि जाग्रत हो चुकी जनता उन्हें वहाँ से खदेड़कर ही दम लेगी।

ईसाई यह जानने को बेचैन थे कि जो आतंकित जनता हमारे सामने मुँह खोलने का साहस नहीं कर सकती थी, उसमें इस प्रकार विद्रोह के बीज डालनेवाला कौन है ? बहुत खोजबीन के बाद उन्हें पता चला कि इस आंदोलन का नेतृत्व करनेवाले महात्मा गौरीनाथ हैं। उन्होंने लोगों को संगठित कर विद्रोह की आग पैदा कर दी है। महात्मा गौरीनाथ को पकड़वाने के लिए बड़े-बड़े इनाम रखे गये किंतु वे कहीं पकड़ने में न आते थे, क्योंकि जनता उन्हें बेहद प्यार करती थी। वे छुपे-छुपे ही आंदोलन का नेतृत्व करते और योजनानुसार ईसाइयों के क्रूर मनसूबे मिट्टी में मिला देते। सरकार परेशान थी कि न तो कोई उनका पता बताता है और न ही सैनिक उन्हें ढूँढ़ पाते हैं।

लेकिन एक ऐसा दुर्भाग्य का समय आया कि पुलिस द्वारा उन्हें पकड़ लिया गया और जेल में बंद कर दिया गया। पहले तो उन्हें बहुत प्रलोभन दिये गये कि वे इस आंदोलन को बंद कर दें और ईसाई धर्म स्वीकार कर लें तो उन्हें भारी इनाम देकर बाइज्जत बरी कर दिया जायेगा, किंतु जब वे तैयार न हुए तो कहा गया कि वे अपने साथियों के नाम ही बता दें, जिन्होंने इस आंदोलन में उनका साथ दिया। इस पर गौरीनाथ बोले : 'मैं ही उन सबका प्रतिनिधि हूँ। उन सबका दण्ड मैं अकेले ही सहने को तैयार हूँ।'

जब ईसाइयों ने देखा कि उनके सभी प्रयास निष्फल हो रहे हैं तो उन्होंने गौरीनाथ को निर्दयतापूर्वक सताना शुरू किया। उन्हें हंटरों से पीटा गया जिससे उनके शरीर पर अनेकों घाव हो गये। अँधेरी, गीली, दुर्गन्धवाली कोठरी में उन्हें कई दिनों तक भूखा-प्यासा रखा गया। इस पर भी उन्होंने ईसाइयों की शर्तों को स्वीकार नहीं किया। एक दिन क्रूर सैनिकों ने उन्हें जेल से बाहर निकाला और गंदे-फटे चिथड़े पहनाकर, गले में गंदे-फटे जूतों की माला डालकर पीटते हुए चर्च के

सामने ले आये और उनसे फिर ईसाई बनने के लिए कहा। इस पर उन्होंने इतना ही कहा : 'न मुझे लोभ अपने पथ से विचलित कर सकता है और न ही अत्याचार डिगा सकते हैं।'

इतना सुनते ही सैनिकों ने चर्च के सामने बड़ा-सा गड्ढा खोदकर उन्हें कमर तक गाड़ दिया और एक बार पुनः उनसे ईसाई बनने के लिए कहा। इस पर उन्होंने कहा : 'धर्म के प्रति सच्ची निष्ठा की इस अग्नि-परीक्षा में मुझे उत्तीर्ण होने दीजिये। आप जो करना चाहें, करें। मुझसे निष्ठा से विचलित होने की आशा मत कीजिये।'

अब महात्मा गौरीनाथ पर खूँखार शिकारी कुत्ते छोड़े गये, जो उनकी बोटियाँ नोचने लगे किंतु उनके चेहरे पर अंत तक शांति और धर्मनिष्ठा की झलक दिखायी देती रही। जब गोवा की जनता ने महात्मा गौरीनाथ के मृत्युदण्ड का समाचार सुना तो उसका खून खौलने लगा। धर्मांतरण के विरुद्ध आंदोलन ने जोर पकड़ा और ईसाइयों को सब ओर अपना विनाश और काल ही खड़ा दिखायी देने लगा। छापामार विद्रोहियों ने उनकी करोड़ों की सम्पत्ति नष्ट कर दी और सैकड़ों को मौत के घाट उतार दिया। महात्मा गौरीनाथ की जलायी हुई क्रांति की आग कभी धीमी तो कभी तीव्र गति से जलती ही रही। समय तो लगा पर यह ज्वाला तभी शांत हुई जब गोवा की भूमि ईसाईकरण के सहायक पुर्तगालियों के क्रूर शासन से मुक्त हो गयी।

ईसाई विद्वान जान पाल ने पत्र लिखकर कहा -

चर्च वनवासियों का मतांतरण बंद करे

विख्यात ईसाई विद्वान और मानव-विज्ञानी श्री जान पाल के द्वारा लिखा एक पत्र तिरुवनंतपुरम् (केरल) से प्रकाशित होनेवाले 'द न्यू इण्डियन एक्सप्रेस' के 'सम्पादक को पत्र' स्तम्भ में छपा था।

प्रस्तुत है उसके कुछ अंश :

कई पीढ़ियों से वनवासियों पर एकछत्र प्रभुत्व जमा चुका चर्च, उनका अपने विरोधियों के विरुद्ध एक राजनीतिक शक्ति के रूप में उपयोग करता है और जो (दल) चर्च से सहानुभूति रखता है, उसके लिए वनवासियों को 'वोट बैंक' के रूप में सुलभ कराता है।...

...राजनीतिक, सांस्कृतिक और सामाजिक रूप से पृथक् हो जाने का भय रखनेवाले गैर मतांतरित वनवासी, अपने प्रति मतांतरितों में रोपी गयी नकारात्मक सोच के चलते हिंसा और हत्या पर उतर आते हैं।...

...मैं एक ईसाई हूँ, साथ ही एक मानव-विज्ञानी भी। मैंने कुछ समय के लिए उड़ीसा के वनवासियों के बीच काम किया था। मुझे मालूम है कि वहाँ क्या हो रहा है। मेरा मानना है कि ईसाई मिशनरियों को अपनी मतांतरण की गतिविधियों पर रोक लगानी चाहिए। वनवासियों के ईसाईकरण की इन गतिविधियों के लिए आर्थिक सहयोग दे रहे सम्पूर्ण केरल के ईसाइयों को इन हरकतों के लिए धन देना बंद करना चाहिए। मैं विभिन्न चर्चों से भी अपील करूँगा कि कम-से-कम वनवासियों की पीड़ा से उपजी प्रतिक्रियाओं को ध्यान में रखते हुए वनवासियों को ईसाई बनाना छोड़ दें। वनवासियों की पहचान बनी रहने दें।... - 'सेवा समर्पण' पत्रिका, माह : अक्टूबर १९९९.




शिवरात्रि पर 'बं' बीजमंत्र के जप का प्रभाव



शिवरात्रि के दिन देशी घी का दिया जलाकर 'बं' बीजमंत्र का सवा लाख जप करना बहुत हितकारी है। यह मंत्र शुद्ध, सात्त्विक भावनाओं को सफल करने में बड़ा सहयोग देगा। हो सके तो एकांत में शिवजी का विधिवत् पूजन करें या मानसिक पूजन करें। सवा लाख बार 'बं' का उच्चारण भिन्न-भिन्न सफलताएँ प्राप्त करने में मदद करेगा। जोड़ों का दर्द, वमन, कफ एवं वायुजन्य बीमारियों, डायबिटीज आदि में यह लाभ पहुँचाता है। बीजमंत्र स्थूल शरीर को तो फायदा पहुँचाते ही हैं, साथ ही सूक्ष्म और कारण शरीर पर भी अपना दिव्य प्रभाव डालते हैं।

पूज्यश्री की तस्वीर से मिली प्रेरणा



सर्वसमर्थ परम पूज्य श्री बापूजी के चरणकमलों में मेरा कोटि-कोटि नमन...

१९८४ के भूकंप से सम्पूर्ण उत्तर बिहार में भारी नुकसान हुआ था, जिसकी चपेट में हमारा घर भी था। परिस्थितिवश मुझे नौवीं कक्षा में ही पढ़ाई छोड़ देनी पड़ी। किसी मित्र की सलाह से मैं नौकरी ढूँढ़ने के लिए दिल्ली गया लेकिन वहाँ भी निराशा ही हाथ लगी। मैं दो दिन से भूखा तो था ही, ऊपर से नौकरी की चिंता। अतः **आत्महत्या का विचार करके** रेलवे स्टेशन की ओर चल पड़ा।

रानीबाग बाजार में एक दुकान पर पूज्यश्री का सत्साहित्य, कैसेट्स आदि रखा हुआ था एवं पूज्यश्री की बड़े आकार की तस्वीर भी टँगी थी। पूज्यश्री की हँसमुख एवं आशीर्वाद की मुद्रावाली उस तस्वीर पर मेरी नजर पड़ी तो १० मिनट तक मैं वहीं सड़क पर से ही खड़े-खड़े उसे देखता रहा।

उस वक्त न जाने मुझे क्या मिल गया ! मैं काम भले मजदूरी का ही करता हूँ लेकिन तबसे लेकर आज तक मेरे चित्त में बड़ी प्रसन्नता बनी हुई है।

न जाने मेरी जिंदगी की क्या दशा होती अगर पूज्य बापूजी की **'युवाधन सुरक्षा'**, **'ईश्वर की ओर'**, **'निश्चिन्त जीवन'** पुस्तकें और **'ऋषि प्रसाद'** पत्रिका हाथ न लगती ! पूज्यश्री की तस्वीर से मिली प्रेरणा एवं उनके सत्साहित्य ने मेरी डूबती नैया को मानों, मझधार से बचा लिया।

धनभागी हैं साहित्य की सेवा करनेवाले ! जिन्होंने मुझे आत्महत्या के पाप से बचाया।

- महेश शाह

नारायणपुर, डुमरा, जि. सीतामढ़ी (बिहार).

